**दिनांक 18.06.2025 को सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय पदाधिकारियों के साथ लंबित एवं महत्वपूर्ण मामलों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

## बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम

1. महाप्रबंधक, फिल्म को निदेश दिया गया कि फिल्म से संबंधित क्रियाकलाप (Activity) 15 दिनों में एक बार अवश्य करायें तथा कुछ विशेष महत्वपूर्ण क्रियाकलाप (Activity) पटना जिला के अलावा अन्य महत्वपूर्ण जिलों में भी कराने का निदेश दिया गया।

2. मॉरिशन भवन का जीर्णोद्धार कार्य होने के कारण वहाँ संचालित बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम के कार्यालय को ललित कला अकादमी में अप्रयुक्त गेस्ट हाऊस में स्थानांतरित करने की संभाव्यता आकलन करने का निदेश दिया गया तथा कार्यपालक अभियंता को पदाधिकारियों/कर्मियों को बैठने हेतु समुचित व्यवस्था करने का भी निदेश दिया गया।

3. महाप्रबंधक, फिल्म को "TOIFA Award–2025" का आयोजन कराने की संभाव्यता एवं व्यवहारिकता का अध्ययन कर आवश्यक तैयारी करने हेतु निदेश दिया गया।

4. महाप्रबंधक, फिल्म को "बिहार फिल्म कॉन्क्लेव–2025" के मुम्बई में आयोजन किये जाने से संबंधित सभी विषयों की आवश्यक तैयारी करने का निदेश देते हुए तिथि प्रस्तावित करने का निदेश दिया गया।

5. बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड, पटना में सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निदेश महाप्रबंधक, फिल्म को निदेश दिया गया।

## पुरातत्व निदेशालय

6. प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह (बुधवार) को आयोजित होने वाली विभागीय समीक्षात्मक बैठक में ASI से संबंधित पदाधिकारियों को भी बैठक में भाग लेने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

7. पुरातत्व भवन का निर्माण के संदर्भ में वास्तुविद को दिये गये सुझाव के आलोक में संशोधित प्रस्तुतिकरण कराने हेतु विभागीय अभियंता को भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर पी0पी0टी0 प्रस्तुत कराने का निदेश दिया गया।

8. केन्द्रीय संरक्षित स्मारक बलिराजगढ़ पुरास्थल के विकास के संदर्भ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से किये गये पत्राचार के संदर्भ में अग्रेतर कार्रवाई हेतु समन्वय स्थापित करने एवं पुनः स्मारित करने का निदेश दिया गया।

9. अगमकुँआ का जीर्णोद्धार के संदर्भ में विभागीय कार्यपालक अभियंता द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन के संदर्भ में निदेश दिया गया कि कार्य कराने के दौरान उसके मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए समुचित प्रकाश की व्यवस्था भी कराना सुनिश्चित करेंगें।

10. लखीसराय अवस्थित राजकीय सुरक्षित घोषित पुरास्थल बालगुदर गढ़ की चहारदिवारी हेतु प्राक्कलन तैयार कराने के संदर्भ में जिला पदाधिकारी, लखीसराय को भेजे गये पत्र के संदर्भ

में जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने एवं पुनः स्मारित कर प्राक्कलन प्राप्त करने हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

11. गया जिला अंतर्गत अवस्थित राजकीय सुरक्षित घोषित पुरास्थल ताराडीह की शेष बचे चहारदिवारी कार्य को पूर्ण कराने एवं अतिक्रमण हटाने के संदर्भ में जिला पदाधिकारी, गया से पत्राचार करने का निदेश दिया गया।

12. रोहतास जिला अवस्थित केन्द्रीय संरक्षित स्मारक शेरशाह सूरी का मकबरा परिसर अवस्थित तालाब सहित सम्पूर्ण परिसर के विकास हेतु स्थानीय स्तर पर पदस्थापित विभागीय पदाधिकारियों एवं मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों का संयुक्त रूप से दल गठित कर जाँच कराते हुए 15 दिनों के अंदर प्रतिवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

13. पुरातत्व निदेशालय द्वारा राजकीय सुरक्षित घोषित पुरास्थलों में से 10 ऐसे पुरास्थलों को चिन्हित कर करने का निदेश दिया गया जिसका जीर्णोद्धार/विकास कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराया जा सके।

14. तेल्हाड़ा पुरास्थल के लिए अधिसूचित भू–खण्ड के संदर्भ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत प्राप्त परिवाद के संदर्भ में वर्ष 2013 एवं 2025 में प्राप्त प्रतिवेदन में विषमता रहने की स्थिति में जिला पदाधिकारी, नालंदा से उच्च स्तरीय जाँच कराते हुए पुनः प्रतिवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

15. भागलपुर के कहलगॉव अवस्थित गंगा नदी में अवस्थित पहाड़ी के भू–भाग का जाँच कराते हुए बिहार प्राचीन स्मारक और पुरातत्व अवशेष तथा कलानिधि अधिनियम, 1976 के तहत सुरक्षित अधिसूचित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

16. पुरातात्विक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य हेतु मांग सं0–3 के तहत स्वीकृत किये जाने वाली राशि की अधिसीमा के संदर्भ में बी०ओ०एस० के तहत कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है, इस संदर्भ में विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार को इसकी समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

**संग्रहालय निदेशालय**

17. बाबा कारू खिरहर संग्रहालय, सहरसा में संग्रहालय भवन निर्माण हेतु उपलब्ध कराये गये नक्शा एवं प्राक्कलन में संशोधन कर पी०पी०टी० दिखाने का निदेश दिया गया।

18. निदेशक, संग्रहालय द्वारा बताया गया कि छपरा संग्रहालय, छपरा के ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाते है, इस संबंध में निदेश दिया गया कि जहॉ–जहॉ संग्रहालयों में ऑडिटोरियम है, वहाँ भी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाय।

19. रामचन्द्रशाही संग्रहालय, मुजफ्फरपुर को संग्रहालय भवन के जीर्णोद्धार शीघ्र कराने हेतु भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर कराने का निदेश सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, रामचन्द्रशाही संग्रहालय, मुजफ्फरपुर को दिया गया।

20. चम्पारण सत्याग्रह संग्रहालय का निर्माण हेतु जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को राशि का आवंटन उपलब्ध कराया जा सकता है। तदनुसार समीक्षोपरांत अग्रेत्तर कार्रवाई करने का

निदेश दिया गया। साथ ही संग्रहालय का नक्शा एवं डिजाईन विभाग से अनुमोदित कराने का निदेश दिया गया।

21. राज्यों में नये संग्रहालय का निर्माण थीम बेस पर कराने का निदेश दिया गया।

22. कौआकोल, नवादा में संग्रहालय के निर्माण हेतु स्थानीय नागरिक से प्राप्त आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी, नवादा से इसकी उपयोगिता के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

23. बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय, वैशाली के पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों का क्रय किया जाना है, जिसका सूची तैयार करने के साथ ही अन्य संस्थाओं से निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध करने हेतु अनुरोध पत्र भेजे जाने का निदेश संग्रहालयाध्यक्ष, बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय, वैशाली को दिया गया।

24. बुद्ध सम्यक दर्शन स्तूप सह–संग्रहालय, वैशाली के चारो ओर के क्षेत्र को विनियमित क्षेत्र घोषित करने हेतु संलेख तैयार करने का निदेश दिया गया।

## सांस्कृतिक कार्य निदेशालय

25. बिहार कला पुरस्कार के संबंध में अंतिम निर्णय हेतु बैठक शीघ्र आयोजित करने का निदेश दिया गया, जिसमें सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर नवोदित कलाकार के रूप में पुरस्कार को विभागीय बिहार कला पुरस्कार की तर्ज पर फिल्मों में युवा कलाकारों हेतु भी पुरस्कार देने संबंधित प्रस्ताव समीक्षोपरांत प्रस्तुत करने हेतु निदेशित किया गया।

26. भारतीय नृत्य कला मंदिर द्वारा शुक्रगुलजार, शनिबहार एवं संगीत विहान कार्यक्रम हेतु समेकित रूप से Audition लेने हेतु निदेशित किया गया। Audition उपरांत चयन सूची तैयार कर कलाकारों का उक्त कार्यक्रमों में अवसर देने हेतु निदेश दिया गया।

27. नई दिल्ली में बिहार महोत्सव के आयोजन हेतु आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

28. निदेशक, सांस्कृतिक कार्य द्वारा बताया गया कि नये प्रशाखा के गठन में वित विभाग द्वारा कुछ आपत्ति की गयी है। इस संबंध में उन्हें निदेश दिया गया कि शीघ्र आपत्तियों का निराकरण कर संचिका उपस्थापित की जाय।

29. कालीदास रंगशाला के जीर्णोद्धार करने हेतु विद्युतिकरण से संबंधित नया प्रस्ताव भवन निर्माण विभाग से प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

30. कुछ जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों द्वारा पूर्व बैठक में बताया गया था कि उन्हें समाहरणालय के सामान्य शाखा में बैठने हेतु स्थान आवंटित की गयी है, जो पर्याप्त नहीं है। इस संबंध में समाहरणालय के आस–पास किराये पर भवन लेकर उन्हें कार्यालय संचालित करने का निदेश दिया गया।

31. पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं उड़िसा राज्य के संबंध में MoU हेतु स्मार पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

32. प्रगति यात्रा के दौरान जिन जिलों में अटल कला भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, उसके अद्यतन स्थिति के संबंध में भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारियों के साथ लगातार अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

33. संविधान हत्या दिवस मनाने से संबंधित तैयारियों हेतु एक विस्तृत प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

34. सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक माह के चतुर्थ बुधवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आहूत करने हेतु निदेशक, सांस्कृतिक कार्य को निदेश दिया गया। साथ हीं सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों के कार्यों के निमित गतिविधि कैलेण्डर तैयार करने हेतु निदेशित किया गया।

**स्थापना**

35. जिन जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के कार्यालय में अब तक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की सेवा उपलब्ध नहीं करायी गयी है, को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु बेल्ट्रॉन को स्मार पत्र देने का निदेश दिया गया।

36. जिला पदाधिकारी को भेजे गये पत्रों का Follow up करने का निदेश सभी निदेशकों को दिया गया तथा जिन मामलों में कार्य लंबित है, उन्हें प्रत्येक माह स्मार पत्र देने का निदेश दिया गया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई।

**(प्रणव कुमार)** भा.प्र.से.
सरकार के सचिव,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग।

ज्ञापांक 1147 / पटना, दिनांक 24/06/2025

प्रतिलिपिः– मा० मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/सभी निदेशक/संयुक्त सचिव/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/सभी उप सचिव/कार्यपालक अभियंता/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/क्षेत्रीय उप निदेशक/महाप्रबंधक, बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना/सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, मुजफ्फरपुर/परामर्शी (फिल्म)/परामर्शी (वित्त एवं लेखा), बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना/पी०एम०यू० लीड/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी/आई0 टी0 प्रबंधक, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**(रूबी)**
सरकार के संयुक्त सचिव।